>

Title: Need to procure sugarcane by the Central Government with a view to protect the interest of sugarcane growers of Bijnore Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**श्री मुंशी राम (बिजनौर) :** महोदय, मैं जिस पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बिजनौर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं वह भारत का सबसे अधिक गन्ना उत्पादन वाला क्षेत्र है। वÂ○ıÂऩ 2006-07 में किसानों की हालत बद्तर बनी है। 20 मार्च, 2007 के पश्चात प्राइवेट चीनी मिल मालिकों द्वारा किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं किया गया है जिसके कारण किसान अपनी अगली फसल पैदा करने के लिए बुरी तरह कर्ज में दब गया है। दूसरा कारण प्रदेश सरकार द्वारा निगम एवं को-ऑपरेटिव चीनी मिलों को बेचने का जो फैसला लिया गया है, उसके कारण इस क्षेत्र का गन्ना उत्पादन करने वाला किसान पूरी तरह प्राइवेट चीनी मिल मालिकों के चंगुल में फंस जायेगा। निगम एवं कोऑपरेटिव चीनी मिलों को बेचने का मैं इस सदन के माध्यम से विरोध करता हूं एवं गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों का पिछले वÂ○ıÂऩ का भुगतान भी अतिशीघ्र कराया जाये। वÂ○ıऩ 2007-2008 में माह अक्टूबर में चीनी मिलों की पेराई प्रारंभ कराई जाये। निगम एवं को-ऑपरेटिव चीनी मिलों के गोदामों से लाखों टन चीनी की खरीददारी स्वयं भारत सरकार करे जिससे चीनी मिलों की बैंक ब्याज से होने वाली हानि को कम किया जा सके।

_____

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Item No. 18 is being taken up.

Thank you. The hon. Minister is on his legs.

**13.00 hrs.**